CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 225 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 07 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## प्रेम प्रसंग के चलते युवक को जिंदा जलाने की कोशिश

### युवती के भाई ने बहन को युवक के साथ देखा तो गुस्से में पेट्रोल डाल लगा दी आग

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

**नरेश धाकड़** । मंडोल बांध गांव में युवक पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। इस वारदात में 18 वर्षीय युवक करीब 30 प्रतिशत तक झुलस गया, जबकि उसकी बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। गंभीर हालत में युवक को नगर स्थित अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भीलवाड़ा रेफर किया गया है। पुलिस ने घायल के परिजनों की रिपोर्ट पर जांच शुरू कर दी है।





कांस्टेबल दलवीर ने बताया की दिलीप पुत्र प्रकाश बंजारा, निवासी फतेहपुरा डाबी, गुरुवार को मंडोल गांव में एक युवती से मिलने आया था। इसकी सूचना किसी व्यक्ति द्वारा युवती के भाई को दे दी गई। शुक्रवार को जब भाई गांव पहुंचा और अपनी बहन को दिलीप के साथ देखा तो वह गुस्से में आ गया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक विवाद में बदल गई। आरोप है कि विवाद के दौरान युवक और उसकी बाइक पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। उठते धुएं को देखकर राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि बाइक पूरी तरह जल चुकी थी और युवक के हाथ, पैर व पीठ बुरी तरह झुलस चुके थे। घायल युवक को तत्काल उप जिला चिकित्सालय बिजोलिया ले जाया गया, जहां डॉ. अंसार खान ने युवक के लगभग 30 प्रतिशत तक झुलसने की पुष्टि की। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल भीलवाड़ा रेफर किया गया। इस संबंध में प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है।

## बहू ने मटकी स्टैंड से सास का सिर फोड़ा, 60 वर्षीय महिला गंभीर घायल



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।**

**गर्वित** । शहर के नयापुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को घरेलू विवाद में परिवार के झगड़े को शांत कराने पहुंची बुजुर्ग महिला पर जानलेवा हमला कर दिया गया। अचानक हुई इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और परिवार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना में लक्ष्मी बाई (60) पत्नी भंवरलाल गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल महिला ने बताया कि घर में छोटे बेटे और उसकी बहू का बड़े बेटे से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। झगड़े की आवाज सुनकर वे बीच-बचाव के लिए मौके पर पहुंचीं, लेकिन विवाद शांत होने के बजाय और उग्र हो गया।

इसी दौरान बहू ने पानी भरने की मटकी के स्टैंड से उसके के सिर पर जोरदार वार कर दिया। हमले से वे मौके पर ही गिर पड़ीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद परिवार के पोते ने अन्य परिजनों की मदद से उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

सिर में गंभीर चोट लगने के चलते बुजुर्ग महिला को एमबीएस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है। सूचना मिलते ही नयापुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता व परिजनों के बयान दर्ज किए।

पुलिस ने मामला दर्ज कर पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बीएच सीरीज वाहनों के नियमों में राहत की मांग

### लोकसभा में सांसद दामोदर अग्रवाल ने उठाया मुद्दा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

सांसद दामोदर अग्रवाल ने लोकसभा सदन में बीएच (भारत) सीरीज नंबर रजिस्ट्रेशन से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए द्वि-वार्षिक रोड टैक्स भुगतान व्यवस्था को समाप्त करने तथा नवीनीकरण में देरी पर प्रतिदिन 100 रुपये की दर से लगने वाले जुर्माने को हटाने की मांग की है।



सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि सांसद अग्रवाल ने सदन में अपने वक्तव्य के दौरान कहा कि वर्तमान में बीएच (भारत) सीरीज वाहनों के लिए केवल दो वर्ष का पंजीकरण कर रोड टैक्स लिया जाता है। यदि किसी कारणवश वाहन मालिक समय पर पंजीकरण का नवीनीकरण नहीं करा पाता है तो उस पर प्रतिदिन 100 रुपये का जुर्माना लगाया जाता है, जो विशेषकर दुपहिया वाहन मालिकों के लिए अत्यधिक बोझिल है।

उन्होंने कहा कि द्वि-वार्षिक रोड टैक्स भुगतान व्यवस्था के कारण वाहन मालिकों को बार-बार नवीनीकरण की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, जिससे न केवल उनके समय और संसाधनों का दुरुपयोग होता है, बल्कि सरकारी तंत्र पर भी अनावश्यक भार बढ़ता है। सांसद अग्रवाल ने इन विसंगतियों में सुधार कर आमजन को राहत प्रदान करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## भीलवाड़ा से चोरी हुआ 12 चक्का डम्पर कोटा में बरामद, चालक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।**

**गर्वित** । कोटा ग्रामीण पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी के एक 12 चक्का डम्पर को बरामद कर उसके चालक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई कनवास थाना पुलिस द्वारा नियमित गश्त के दौरान की गई।

ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि क्षेत्र में गश्त के दौरान एक टाटा कंपनी का 12 चक्का डम्पर संदिग्ध अवस्था में खड़ा मिला। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए डम्पर को मौके पर ही जप्त कर चालक से पूछताछ की। चालक की पहचान मोहम्मद एजाज पुत्र युनुस सलीम, निवासी सादीपुर हरियाणा के रूप में हुई।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि यह डम्पर 31 जनवरी को बरूखेड़ा पेट्रोल पंप, जहाजपुर रोड, थाना बिगोद जिला भीलवाड़ा से चोरी किया गया था। इस संबंध में थाना बिगोद में पहले से ही शिकायत दर्ज है, जिसके आधार पर डम्पर की पहचान की पुष्टि की गई।

यह कार्रवाई एडिशनल एसपी रामकल्याण मीना के निर्देशन एवं डीएसपी सागोद नरेंद्र जैन के सुपरविजन में, थाना कनवास प्रभारी अनूप सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा अंजाम दी गई।

पुलिस के अनुसार जप्त डम्पर पर संदीप कंस्ट्रक्शन कंपनी, उदयपुर (राजस्थान) अंकित है। साथ ही वाहन पर लगे विशिष्ट रेडियम और पेंट चिन्हों से इसकी पहचान सुनिश्चित हुई। पुलिस ने डम्पर को जप्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच जारी है।

## NH-48 पर हादसा: ट्रक-बाइक भिड़ंत में दो की मौत



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**


जयपुर नेशनल हाईवे-48 पर शुक्रवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। अचानक सामने आए बछड़े को बचाने के प्रयास में ट्रक अनियंत्रित हो गया और आगे चल रही बाइक को कुचलते हुए निकल गया। हादसा मांडल थाना क्षेत्र में यूनिक होटल के पास हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक पहले बछड़े से टकराया, इसके बाद बाइक उसकी चपेट में आ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग और मांडल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों शवों को अस्पताल की मोर्च्युरी रखवाया गया है, जहां मृतकों की पहचान भिनाय थाना क्षेत्र के सदर बाजार में रहने वाले किशन सिंह पिता ओम सिंह सोढा और मोनू सिंह पिता सम्राट सिंह निवासी एकलसिंघा के रूप में हुई है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर हादसे की जांच शुरू कर दी है।

## ऊर्जा मंत्री नागर आज रेड़वास में , जीएसएस सब स्टेशन का करेंगे शिलान्यास

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**( सांवर वैष्णव )**:- कस्बे के निकटवर्ती रेड़वास ग्राम पंचायत में नव निर्मित 33/11 केवी जीएसएस सब स्टेशन का शिलान्यास ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के द्वारा किया जाएगा । महावीर जाट ने बताया कि राजस्थान सरकार ने रेड़वास में 33/11 जीएसएस सब स्टेशन बनाने की घोषणा की थी, जिसको लेकर शनिवार दोपहर 3 बजे ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर व जहाजपुर कोटड़ी विधायक



गोपीचंद मीणा के द्वारा शिलान्यास किया जाएगा ।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## एनएच-148डी पर पिकअप बेकाबू, पुलिया से टकराई,दो घायल



**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**

नेशनल हाईवे 148-डी पर शंभूगढ़ थाना क्षेत्र में शुक्रवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जब एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी पुलिया से जा टकराया। हादसा इतना जबरदस्त था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार दुर्घटना अंटाली से खेजड़ी के बीच हुई। पिकअप में सवार एक महिला और युवक को हादसे में गंभीर चोटें आईं। घायल महिला जयनगर की निवासी बताई जा रही है, जबकि वाहन चालक कटार गांव का रहने वाला है। टक्कर के बाद पिकअप वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए गुलाबपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

इधर, घटना की सूचना मिलते ही शंभूगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

# रायला में जिला प्रभारी सचिव ने ग्राम उत्थान शिविर का किया निरीक्षण



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर आयोजित एक दिवसीय विशेष शिविर के तहत शुक्रवार को रायला में ग्राम उत्थान सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रभारी सचिव एवं शासन सचिव कृषि व उद्यानिकी विभाग मंजू राजपाल ने शिविर का निरीक्षण किया ।

शिविर में जिला कलेक्टर जसजीत सिंह संधू , मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद भीलवाड़ा चंद्रभान सिंह भाटी, उपखण्ड अधिकारी श्रीकांत व्यास सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। ग्रामीणों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई और लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

प्रभारी सचिव ने सभी विभागों के काउंटरों का निरीक्षण कर प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सहकारिता, चिकित्सा, कृषि, ऊर्जा विभाग की योजनाओं में किसानों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया।

# महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम की मुख्यमंत्री शर्मा से शिष्टाचार भेंट, सनातन मंगल महोत्सव का दिया आध्यात्मिक आमंत्रण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर, भीलवाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने जयपुर प्रवास के दौरान राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस पावन अवसर पर स्वामीजी ने मुख्यमंत्री को 19 से 26 फरवरी तक भीलवाड़ा में आयोजित होने वाले भव्य सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह में पधारने का आत्मीय एवं आध्यात्मिक आमंत्रण प्रदान किया।



महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने मुख्यमंत्री को महोत्सव के आध्यात्मिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक उद्देश्य से अवगत कराते हुए बताया कि यह आयोजन सनातन धर्म की शाश्वत परंपराओं के संरक्षण, साधना पथ के संवर्धन तथा समाज में आध्यात्मिक चेतना के जागरण का एक महत्वपूर्ण माध्यम होगा। उन्होंने कहा कि सनातन मंगल महोत्सव भक्ति, सेवा, संस्कार और साधना का अनुपम संगम रहेगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वामी हंसराम उदासीन का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए इस आध्यात्मिक पहल की सराहना की और आयोजन की सफलता हेतु मंगलकामनाएं प्रेषित कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों, सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक दृष्टि को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उल्लेखनीय है कि महोत्सव के दौरान आश्रम के तीन ब्रह्मचारियों को दीक्षा प्रदान की जाएगी, जिससे सनातन धर्म की साधना परंपरा को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। इस महोत्सव में देश-विदेश से संत-महात्माओं, श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी नागरिकों की सहभागिता रहेगी।

इस अवसर पर आश्रम के ब्रह्मचारी कुनाल, लघु उद्योग भारती के प्रदेश संयुक्त महामंत्री रविन्द्र कुमार जाजू तथा वाल्मीकि समाज के पदाधिकारी छीतर मल गैंगट सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# सीसी रोड निर्माण कार्य का निरीक्षणः विधायक खंडेलवाल ने गुणवत्ता बनाए रखने के दिए निर्देश



**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

विधायक गोपाल खण्डेलवाल ने शुक्रवार को नगर से गुप्तेश्वर महादेव तक चल रहे सीसी रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक खण्डेलवाल ने ठेकेदार को निर्माण कार्य में पूर्ण गुणवत्ता बरतने के सख्त निर्देश दिए।निरीक्षण के समय पालिकाध्यक्ष संजय डांगी, नगर अध्यक्ष अशोक जीनगर, पार्षद अनिता सुराणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार विधानसभा क्षेत्र में चहुंमुखी विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। मांडलगढ़ पालिका क्षेत्र में जालेश्वर तालाब का जीर्णोद्धार, किले का विकास, सड़कें, अस्पताल, बिजलीघर सहित जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। निरीक्षण के बाद विधायक खण्डेलवाल गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे, जहां मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों मनोज जोशी, कमलेश जोशी, राजकुमार भंडारी, राजकुमार सेन, मुकेश बैरवा, प्रेम सिंधी सहित अन्य लोगों ने उनका स्वागत-सत्कार किया। इस दौरान मंदिर परिसर में शेष रहे विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग भी रखी गई।

विधायक ने आश्वस्त किया कि सभी विकास कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कर जनता की मांगों को पूरा किया जाएगा।

# विधायक गोपीचंद मीणा ने चावंडिया विद्यालय में किया साइकिल वितरण

## करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण, उद्घाटन व शिलान्यास





**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

(सांवर वैष्णव)। जहाजपुर-कोटड़ी विधायक गोपीचंद मीणा शुक्रवार को क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपए की लागत से हुए विकास कार्यों का लोकार्पण, उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। साथ ही चावंडिया विद्यालय में छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित कीं।

विधायक मीणा ने बड़ला ग्राम पंचायत में 19 विकास कार्यों का उद्घाटन एवं 2 कार्यों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही पिथास से अमरतिया सड़क का शिलान्यास किया गया। बाद में बनकाखेड़ा गांव में बनकाखेड़ा से राजपुरा सड़क का लोकार्पण किया गया। मुख्य बस स्टैंड पर सांवरमल जाट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विधायक का माला पहनाकर स्वागत किया। इसके पश्चात नेशनल हाईवे से मोचड़िया का मंड देवनारायण तक सड़क का उद्घाटन, तेजाजी सराय सहित अन्य कई विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। चावंडिया गांव में गौशाला परिसर में विधायक का स्वागत किया गया। चावंडिया विद्यालय में कक्षा 9 की 12 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत साइकिलें प्रदान की गईं। इस अवसर पर विधायक मीणा को संतरे से तौला गया।

विद्यालय परिसर में डीएमएफटी फंड से निर्मित कक्षाओं का भी उद्घाटन किया गया। इसके बाद कंवलियास गांव में श्मशान घाट सड़क, सामुदायिक भवन में सीसी कार्य, सोमसियास से सातोला का खेड़ा सड़क एवं अन्य सीसी सड़कों का उद्घाटन किया गया।

इस दौरान निवर्तमान प्रधान करण सिंह बेलवा, जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह छापडेल, कैलाश तिवाड़ी, युवा नेता भरत सिंह पडासोली, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश शर्मा, सवाईपुर प्रशासक किशनलाल जाट, बनकाखेड़ा प्रशासक रामू देवी गाड़री, बड़ला प्रशासक शिवराज जाट, पंचायत समिति सदस्य दिलीप सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# युवक ने की आत्महत्या, घर में फंदे पर लटका मिला शव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले के धामनिया गांव में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक अपने ही घर में फंदे से लटका हुआ मिला। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है

जानकारी के अनुसार बीगोद थाना क्षेत्र के धामनिया निवासी बाबूलाल पुत्र सांवता नायक (30) ने घर के भीतर कड़े से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की नजर जब युवक के शव पर पड़ी तो वे घबरा गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए काछोला अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार बाबूलाल अविवाहित था। आत्महत्या के पीछे के कारणों का फिलहाल कोई संकेत नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है

# आसींद में बनेगा आधुनिक खेल स्टेडियम, विधायक सांखला ने की स्टेडियम निर्माण की 2 करोड़ की घोषणा

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

स्थानीय खेल मैदान पर आयोजित आसींद प्रीमियर लीग (APL) सीजन-8 का समापन समारोह उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। समारोह में क्षेत्रीय विधायक जब्बर सिंह सांखला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा में उनकी निरंतर मांग के परिणामस्वरूप सरकार ने आसींद में आधुनिक खेल स्टेडियम के निर्माण की घोषणा की है। इस परियोजना के लिए 2 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 50 लाख रुपये की पहली किस्त जारी हो चुकी है।



विधायक सांखला ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल एक मैदान बनाना नहीं, बल्कि युवाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक सुविधाओं से युक्त खेल केंद्र विकसित करना है। उन्होंने खिलाड़ियों से सुझाव आमंत्रित करते हुए कहा कि स्टेडियम में कौन-कौन सी सुविधाएं होनी चाहिए, इस पर युवाओं की राय ली जाएगी, ताकि उनके कार्यकाल में एक ऐसा भव्य स्टेडियम तैयार हो सके, जहाँ से निकलकर क्षेत्र के खिलाड़ी देश का नाम रोशन करें।

इससे पहले लीग के चौथे दिन और फाइनल मुकाबलों में दर्शकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। टूर्नामेंट में अंबेडकर टीम ने प्रथम, कमल की लेबोरेटरी ने द्वितीय तथा अलास्का टाइटन्स ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि इस बार दर्शकों की भारी भीड़ के कारण यह आयोजन क्षेत्र का सबसे चर्चित खेल आयोजन बना।

समापन समारोह में भामाशाह कमलेश सेन और आर्यन सेन के निर्देशन में आयोजक गजेंद्र खटीक, निर्मल मेघवंशी और कन्हैयालाल गुर्जर ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में विधायक सांखला, भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल सिंह तंवर, नगर पालिका उपाध्यक्ष विक्रम सिंह चुंडावत, युवा नेता भरत सिंह राठौड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीमों को नकद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया तथा खेल भावना बनाए रखने का संदेश दिया।

# चंदनबाला महिला मंडल का स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

चंदनबाला महिला मंडल, अहिंसा भवन शास्त्रीनगर द्वारा वर्ष 2026 का स्नेह मिलन कार्यक्रम मैंन सेक्टर शास्त्रीनगर स्थित निजी रेस्टोरेंट में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंडल की सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। मंडल अध्यक्ष संजूलता बाबेल व मंत्री श्वेता जैन ने बताया कि स्नेह मिलन के दौरान मनोरंजक खेल, आपसी संवाद व हंसी-मजाक का दौर चला, जिससे कार्यक्रम यादगार बना। कार्यक्रम का संचालन मंत्री श्वेता जैन ने किया।

मनीष बंब ने बताया कि इस अवसर पर वर्ष 2026 की आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तय कर सामाजिक व संगठनात्मक कार्यों को मजबूत करने पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम में आत्मध्यान योजना महामंत्री संजूलता, कोषाध्यक्ष सुमित्रा, निर्मला, सुशीला, प्रतिमा, निधि, पुष्पा व कमला सहित मंडल की सभी बहनों की उपस्थिति रही।



QUICK BITES

## राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस शिविर का हुआ समापन

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विद्यार्थियों ने दिया सेवा व नेतृत्व का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**




**(नरेश धाकड़)।** राजकीय महाविद्यालय बिजोलिया में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के समापन अवसर पर भव्य समारोह एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम प्रभारी अधिकारी एवं सहायक प्रोफेसर प्रमोद भूकर के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि डॉ. दुर्गाशंकर मेहर ने कहा कि एनएसएस युवाओं के व्यक्तित्व विकास का सशक्त मंच है। अध्यक्षता प्राचार्य आदित्य देव वैष्णव ने की। मंच संचालन सहायक आचार्य महेंद्रराज ने किया। विशिष्ट अतिथि नरेश धाकड़ एवं कन्हैयालाल शर्मा (एसीबीओ) रहे।

इस अवसर पर छात्रा अशनिका ने भाषण दिया, जबकि प्रिया, स्नेहा, नयासा, नफीसा, कुणाल व महिमा सहित विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

प्रभारी अधिकारी प्रोफेसर प्रमोद भूकर ने बताया कि यह आयोजन अब महाविद्यालय की वार्षिक परंपरा बनेगा तथा भविष्य में 'छात्र महासंगम' आयोजित किया जाएगा।

## महेश सर्किल पर हुआ 36 फीट ऊंचे महेश त्रिशूल का विधिवत लोकार्पण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**





शहर के कृषि उपज मंडी चौराहा, महेश सर्किल पर नगर निगम द्वारा माहेश्वरी समाज के आराध्य देव भगवान महेश के प्रतीक चिन्ह महेश त्रिशूल का विधिवत लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम महापौर राकेश पाठक सहित माहेश्वरी समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नगर निगम की ओर से महेश सर्किल पर स्थापित 36 फीट ऊंचे महेश त्रिशूल का लोकार्पण शुक्रवार को महासभा के पुर्व सभापति रामपाल सोनी, महापौर राकेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष राधेष्याम चेचाणी, पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया, पूर्व सभापति ओम नरानीवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाडा, जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती, नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, ने विधिवत रूप से त्रिशूल का पूजन किया। इस दौरान नगर युवा संगठन अध्यक्ष अर्चित मून्दड़ा व मंत्री अंकित लाखोटिया के सानिध्य मे युवा साथियो द्वारा महेश सर्किल को अलग-अलग फूलों व आकर्षक रंगों की लाइटिंग से सजाया गया। त्रिशूल के स्थापित में नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी, तरूण सोमानी, सहित पार्षद कैलाश मून्दड़ा, विजय लढ़ा, शंतिलाल डाड, नेहा कुलदीप शर्मा, आरती शेखावत का सहयोग रहा। कार्यक्रम में अनिल बांगड़, जगदीश कोगटा, प्रहलादराय लढा, राजेन्द्र कचोलिया, सत्येन्द्र बिरला, ओम गटयाणी, सुरेश कचोलिया, रमेश राठी, सुशील मरोठिया, एड.केदार जागेटिया, संजय जागेटिया, राधेश्याम सोमानी, अतुल राठी, प्रहलाद नुवाल, महावीर समदनी, गोपाल नरानीवाल, प्रमोद डाड, कष्णगोपाल जाखेटिया, सत्यनारायण मून्दडा, दिलिप तोषणीवाल, केदार जागेटिया, सीपी कालिया, दिनेश शारदा, सहित महासभा कार्य समिति सदस्य, कार्यकारिणी मंडल सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य, प्रादेशिक, जिला, नगर सभा, महिला मंडल, युवा संगठन के पदाधिकारी के साथ ही माहेश्वरी समाज के बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुषों ने सहभागित निभाई।

भीलवाड़ा फोकस
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# शक्करगढ़ मंडल की जनसमस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन

## नरेगा योजना पुनः शुरू कराने की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**



शक्करगढ़ मंडल की छह ग्राम पंचायतों में नरेगा योजना पुनः शुरू कराने, जर्जर सड़कों की स्वीकृति तथा शिक्षा, स्वास्थ्य व पेयजल समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सेन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन उपखंड अधिकारी जहाजपुर को सौंपा गया।

ज्ञापन में ग्राम पंचायत बाकरा, शक्करगढ़, बेइ, बरोदा, किशनगढ़ एवं टीटोड़ा जागीर में पिछले आठ माह से बंद पड़ी महात्मा गांधी नरेगा योजना को तत्काल शुरू कर 100 दिवस का रोजगार देने की मांग की गई। साथ ही शक्करगढ़-बाकरा, बाकरा-टीटोड़ा जागीर, शक्करगढ़-उतरना, बेइ चौराहे से ब्रिज की डूंगरिया होते हुए माना का बरडा, देवरी माता से बेइ, शक्करगढ़ वाया बरोदा-तलोदा, शक्करगढ़-जौजर, टीटोड़ा जागीर-मेवासा व टीटोड़ा जागीर-अडीमल जी का खेड़ा सड़कों की स्वीकृति की मांग रखी गई।शिक्षा विभाग में शिक्षकों की कमी, टीटोड़ा जागीर व शक्करगढ़ अस्पतालों में स्टाफ की अनुपलब्धता तथा चंबल पेयजल योजना का लाभ सभी गांवों तक पहुंचाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। प्रतिलिपि राज्यपाल व भीलवाड़ा जिला कलेक्टर को भेजी गई।

इस दौरान कांग्रेस मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सेन, जीएसएस अध्यक्ष बाबूलाल मीना, कांग्रेस नेता अनिल उपाध्याय, बाबूलाल खटीक, लालाराम गुर्जर, भेरू जोशी, परमेश्वर मेघवंशी, किशन गुर्जर, महावीर सेन सहित छह पंचायतों के ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रानीखेड़ा में सिंगोली श्याम कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

## पूर्व भारतीय कबड्डी खिलाड़ी प्रदीप नरवाल ने किया उद्घाटन, खाचरोल विजेता





**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद ।**

क्षेत्र के रानीखेड़ा गांव में आयोजित सिंगोली श्याम कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन गुरुवार रात्रि को पूर्व भारतीय कबड्डी खिलाड़ी एवं गोल्ड मेडलिस्ट प्रदीप नरवाल द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह सायं 8 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित हुआ।

आयोजन समिति सदस्य एडवोकेट प्रभुलाल जाट ने बताया कि उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदीप नरवाल ने रेड देकर प्रतियोगिता की विधिवत शुरुआत की। उद्घाटन मुकाबला महिला वर्ग में पातलियास बनाम खाचरोल के बीच खेला गया, जिसमें खाचरोल की टीम विजेता रही। वहीं पुरुष वर्ग में खटवाड़ा बनाम बीगोद के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें खटवाड़ा की टीम ने जीत दर्ज की।

उद्घाटन समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, विधायक प्रतिनिधि मुकेश खंडेलवाल, एसडीएम मांडलगढ़ मनमोहन शर्मा, भाजपा नेता रामाकिशन खीचड़, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, हास्य कवि राजकुमार बादल, बीगोद थाना प्रभारी जय सुल्तान सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से अतिथियों का स्वागत-सत्कार किया गया।

आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में 60 से अधिक टीमें भाग ले रही हैं। इस दौरान आयोजन समिति के सदस्य प्रहलाद जाट, गोपाल जाट, कैलाश जाट, दिनेश जाट, विनोद जाट, सुरेश जाट, राधेश्याम जाट, शंभु जाट, रमेश शर्मा, अशोक जाट, सत्यनारायण जाट, नीरज जाट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, युवा साथी, माताएं-बहनें एवं हजारों खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# लाडपुरा व आसपास के गांवों को मिली विकास कार्यों की बड़ी सौगात

## सीसी सड़क, स्कूल कक्ष व स्वास्थ्य केंद्र के लिए करोड़ों की स्वीकृति

**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।**

कस्बे सहित आसपास के गांवों में विकास कार्यों को लेकर बड़ी सौगात मिली है। विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए करोड़ों रुपये की स्वीकृतियां जारी की गई हैं, जिससे क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा।

शक्ति केंद्र संयोजक मोहन सिंह शक्तावत ने बताया कि ग्राम लाडपुरा में 1.60 किलोमीटर लंबाई एवं 5.50 मीटर चौड़ाई की सीसी सड़क निर्माण के लिए 150 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाडपुरा में भवन की छत मरम्मत एवं जेएसवाई वार्ड निर्माण के लिए 25 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं।

शिक्षा क्षेत्र में भी कई महत्वपूर्ण स्वीकृतियां दी गई हैं। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्यामगढ़ में 2 कक्षा-कक्ष निर्माण हेतु 20.26 लाख रुपये, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टहला में 4 कक्षा-कक्ष निर्माण के लिए 45.54 लाख रुपये तथा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पदमपुरा में 2 कक्षा-कक्ष निर्माण हेतु 20.26 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय लाडपुरा में शौचालय निर्माण कार्य के लिए 3.72 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है।

इन विकास कार्यों की स्वीकृति से क्षेत्र के शैक्षणिक व स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती मिलेगी तथा आमजन व विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

# मेहरूकंला में भागवत कथा ज्ञानयज्ञ से धर्ममय हुआ वातावरण

## रामदास महाराज बोले भागवत श्रवण से होता है दुःखों का नाश





**भीलवाड़ा फोकस @ सावर।**

**(दिलखुश)** क्षेत्र के मेहरूकला गांव में आयोजित नौ दिवसीय श्री लक्ष्मी नृसिंह महायज्ञ, नृसिंह-प्रह्लाद भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के दिव्य महाकुंभ में व्यास पीठ से कथा वाचन करते हुए महंत रामदास महाराज ने कहा कि श्रीमद भागवत ग्रंथ में सभी धर्मो के सार का समावेश है। भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य के दुःखों का नाश होता है तथा सुख-शांति की प्राप्ति होती है।

कथा के दौरान महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति धन, संपत्ति और देह के साथ ही खेलता रहता है, वह भाग्यहीन होता है। उन्होंने ब्रह्मचर्य आश्रम की परंपरा के लोप पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जब से यह परंपरा देश से समाप्त हुई है, तभी से समाज की दुर्दशा प्रारंभ हो गई है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जगत के सभी महापुरुषों ने पर-स्त्री को माता के समान माना। लक्ष्मण जी चौदह वर्षो तक अपनी भाभी सीता के साथ वनवास में रहे, किंतु उन्होंने सदैव अपनी दृष्टि चरणों में रखी।

कथावाचन के दौरान कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। इससे पूर्व लाल धागे सरकार ने व्यास पीठ की पूजा-अर्चना की तथा कथा वाचक महंत रामदास महाराज का तिलक-अर्चन कर पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया।

कथा के प्रारंभ में यज्ञकर्ता महंत हरिदास महाराज ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के दिव्य महाकुंभ से मेहरूकला गांव का संपूर्ण वातावरण धर्ममय हो गया है। उन्होंने जानकारी दी कि 7 फरवरी को श्री नृसिंह भगवान की भव्य प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी। मंदिर में विराजमान श्री संकट हरण बालाजी महाराज कामना मात्र से भक्तों के संकट हरते हैं, वहीं समीप विराजमान ऋण मुक्तेश्वर महादेव की कृपा से भक्त ऋण से मुक्त होते हैं।

संगीतमय कथा वाचन के दौरान मधुर भजनों की प्रस्तुति पर ग्रामीण महिलाएं झूमकर नाचती रहीं। कथा श्रवण के लिए क्षेत्र के ग्रामीण महिला-पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और धर्मलाभ अर्जित किया।

# किशोरी मेला आयोजित , बालिकाओं की प्रतिभा देख विधायक मीणा हुए प्रभावित

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**

पारोली स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में आयोजित किशोरी मेले में एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक गोपीचंद मीणा ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने बालिकाओं की प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता का अवलोकन किया। मेले में छात्राओं द्वारा विभिन्न विषयों पर लगाए गए स्टॉल आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक रहे। किशोरी मेले में बालिकाओं ने स्वयं शिक्षक की भूमिका निभाते हुए अपने कौशल, नेतृत्व क्षमता



और आत्मविश्वास का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विधायक मीणा ने बालिकाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी विद्यालय परिवार एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में विधायक मीणा ने पपलाज ग्राम में सीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि सीसी सड़क निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। इसके पश्चात वे दुग्ध डेयरी में आयोजित बोनस वितरण कार्यक्रम में भी शामिल हुए। विधायक मीणा ने नवीन ग्राम पंचायत पपलाज के पंचायत भवन का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन के शुरू होने से क्षेत्रवासियों को प्रशासनिक कार्यों में सुविधा मिलेगी और विकास कार्यों को नई गति प्राप्त होगी।

कार्यक्रमों के दौरान भाजपा जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता, विद्यालय की छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# परमवीर चक्र विजेता जदुनाथ सिंह के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**मूलचंद पेसवानी**

सतत सेवा संस्थान के तत्वावधान में परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह के बलिदान दिवस पर एम.एल.वी. टेक्सटाइल कॉलेज, भीलवाड़ा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व राष्ट्रगान से हुई, इसके बाद अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने शहीद को पुष्प अर्पित कर नमन किया।




कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरविंद वशिष्ठ ने कहा कि नायक जदुनाथ सिंह का बलिदान हर पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। संस्थान के संस्थापक चंद्रशेखर शर्मा ने संस्थान की गतिविधियों और 'सेना मित्र प्रकल्प' की जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष व कवि योगेंद्र शर्मा ने ओजस्वी काव्यपाठ के माध्यम से शौर्य और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया, जिससे सभागार देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। समापन पर प्रो. के.जी. भदादा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# कोली समाज विकास ट्रस्ट ने महापौर राकेश पाठक का किया सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर में हुए विकास कार्यों, नगर निगम बोर्ड के सुव्यवस्थित संचालन एवं सौंदर्यकरण के लिए किए गए प्रयासों के सम्मान में कोली समाज विकास ट्रस्ट द्वारा नगर निगम महापौर राकेश पाठक का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कोली समाज विकास ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सचिव मुरलीधर लोरवाडिया के नेतृत्व में महापौर राकेश पाठक का अभिनंदन किया। इस अवसर पर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने नगर



निगम बोर्ड के माध्यम से बीते पाँच वर्षों में शहर में कराए गए विकास कार्यों, निर्विवाद रूप से बोर्ड संचालन तथा शहर के सौंदर्यकरण को लेकर किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की।

ट्रस्ट की ओर से महापौर राकेश पाठक को सिंगोली श्याम की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया तथा पारंपरिक रूप से पचरंगी साफा पहनाकर उनके सफल पाँच वर्षीय कार्यकाल के लिए अभिनंदन किया गया।

सम्मान समारोह में ट्रस्ट के संरक्षक बालूलाल ब. छापरिया, संयुक्त सचिव राकेश कसोडिया, सोहनलाल तलाया, सत्यनारायण सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विद्यालय में अव्यवस्था, ग्रामीणों ने जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।**

**( परमेश्वर)** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रघुनाथपुरा में शिक्षकों की भारी कमी व अनियमित उपस्थिति से शैक्षिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इससे विद्यार्थियों, विशेषकर कक्षा 10वीं व 12वीं के बोर्ड परीक्षार्थियों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। एकलिंगपुरा व रघुनाथपुरा के अभिभावकों एवं ग्रामीणों ने इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में 16 शिक्षक पद स्वीकृत हैं, लेकिन अधिकांश पद रिक्त पड़े हैं। साथ ही उपलब्ध शिक्षकों की नियमित उपस्थिति भी नहीं हो रही, जिससे कक्षाएं सुचारु रूप से संचालित नहीं हो पा रही हैं। ग्रामीणों ने शीघ्र सभी पदों पर शिक्षक नियुक्त करने, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित होगा। इस मौके पर स्वामी विवेकानंद युवा संस्थान, बरण के अध्यक्ष सीएस राजू जाट, शंकर लाल पोषक, मिठू लाल गुर्जर, उदय कुमावत, रामकिशन वैष्णव, शंकर लाल गाडरी, गोपाल ओड, ओम प्रकाश गुर्जर, महेंद्र, नारायण, कन्हैया, बाबूलाल, परमेश्वर, श्याम सुखदेव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद ने किया संस्कार प्रकल्प का आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ आगूंचा**

**गोपाल** भारत विकास परिषद शाखा भोजरास द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में संस्कार प्रकल्प के अंतर्गत कुटुंब प्रबोधन एवं बालिका आत्मरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के. पी. सिंह राठौड़ ने की। प्रमुख वक्ता भारत विकास परिषद के पूर्व प्रांतीय संयोजक किशोर राजपाल एवं शिक्षाविद जगदीश प्रसाद कुम्हार रहे।

कार्यक्रम में परिषद सदस्य नरेंद्र चौधरी को कॉलेज प्रोफेसर (भूगोल) चयन परीक्षा में राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त कर असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयनित होने पर सम्मानित किया गया। चौधरी ने विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर मेहनत का संदेश दिया। प्रमुख वक्ता किशोर राजपाल ने बालिकाओं को आत्मरक्षा एवं मर्यादित आचरण पर व्याख्यान दिया, जबकि जगदीश प्रसाद कुम्हार ने कुटुंब प्रबोधन विषय पर सामूहिक व एकल परिवार की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन में के. पी. सिंह राठौड़ ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष भंवरलाल टेलर, सेवा प्रमुख अशोक अजमेरा, सचिव अमर सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष विष्णु शर्मा सहित अनेक परिषद सदस्य उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य सुरेश कुमावत ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन चिरंजीव वैष्णव ने किया और समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# संस्कार भारती स्कूल में परीक्षा से पहले मिला मार्गदर्शन और प्रेरणा

## उच्च शिक्षा व प्रतियोगी परीक्षाओं पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**रमेश गुर्जर** स्थानीय संस्कार भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 8, 10 एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए शुभकामना समारोह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया गया।

विद्यालय निदेशक आदर्श सोनी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजपरिवार के कुंवर मृत्युंजय सिंह ने की। मुख्य अतिथि मांडलगढ़ विधायक प्रतिनिधि रामेश्वर खंडेलवाल रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि सदाराम जी का खेड़ा प्रशासक कैलाशचंद धाकड़ रहे ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थानाधिकारी स्वागत पांडेय एवं डॉ. डी. एस. मेहर ने विद्यार्थियों को 12वीं के बाद उपलब्ध उच्च शिक्षा के विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी दी तथा RAS, IAS एवं MBBS जैसी प्रतियोगी व प्रवेश परीक्षाओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर शक्तिनारायण शर्मा एवं पुरुषोत्तम मेडतिया ने विद्यार्थियों से अनुशासन व संस्कारयुक्त जीवन अपनाने का आह्वान किया। एसीबीईओ कन्हैयालाल शर्मा एवं मनोज गोधा ने भी अपने विचार रखे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिव्यांशी भट्ट, किस्मत बैरवा, निशा नायक, विद्वाशा सेन, प्रज्ज्वलित शाक्यवाल, रोशन एवं तनिष्का चौहान ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने सराहा।

कार्यक्रम की शुरुआत गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय निदेशक आदर्श सोनी एवं प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने अतिथियों का तिलक-माला से स्वागत किया। समारोह में विकास अधिकारी अशेष, हर्षेंद्र सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पूजा चन्द्रवाल, पायल लूनीवाल, रचना, गोपाल धाकड़, दिनेश वैष्णव, मानव तिवारी, एडवोकेट सुमित जोशी, सुनील सोनी, सुनील छीपा, गौरव शर्मा, पंकज जैन, सुनील शर्मा, यशवंत पुगलिया, मनीष धाकड़, देवकरण लक्ष्कार, बलवंत सिंह चौहान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्थापक घनश्याम सोनी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## QUICK BITES

# न्याय आपके द्वार शिविर हुआ आयोजित

## लोक उपयोगिता सेवाओं की दी गई जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**




**रमेश गुर्जर।** तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देशानुसार शुक्रवार को ग्राम विक्रमपुरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में न्याय आपके द्वार लोक उपयोगिता समस्याओं के सुलभ एवं त्वरित समाधान हेतु शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में पीएलवी अंजली नायक ने विद्यार्थियों को बिजली, पानी, सड़क, वायु, लोक स्वच्छता, स्वास्थ्य रक्षा प्रणाली, आवासीय एवं भू-संपदा तथा आवासीय सेवाओं से संबंधित कानूनी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रमेश नायक सहित रंगोली खानपुरिया, अनिता टेलर, ओमप्रकाश खटीक, परशुराम कश्यप, प्रभुलाल मीणा, जयंत कुमार जैन, नारायणलाल धाकड़, राजूलाल मीणा, गोपाल पाराशर, संजिना नायक एवं सुनीता नायक मौजूद रहे।

# भीलवाड़ा में विद्यार्थियों ने सुना प्रधानमंत्री का 'परीक्षा पर चर्चा' संवाद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजेंद्र मार्ग द्वारा 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम के 9वें एपिसोड का सजीव प्रसारण सूचना केंद्र चौराहे पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों से किए गए संवाद का लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया, जिसे बड़ी संख्या में विद्यार्थियों व आमजन ने रुचिपूर्वक सुना।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से परीक्षा से जुड़े तनाव, समय प्रबंधन, एकाग्रता और आत्मविश्वास जैसे विषयों पर संवाद किया तथा सरल उपायों के माध्यम से समस्याओं के समाधान बताए। लाइव संवाद से विद्यार्थियों को परीक्षा को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने की प्रेरणा मिली।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक कैलाश चंद्र सुथार ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा विद्यार्थियों से किया जा रहा यह संवाद बोर्ड परीक्षाओं के दौरान मानसिक तनाव कम करने में सहायक है, जिससे विद्यार्थी एकाग्र होकर अध्ययन कर पाते हैं।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह गहलोत ने कहा कि 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम से विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच एवं आत्मविश्वास का संचार होता है। वहीं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, सुवाणा रामेश्वर प्रसाद जीनगर ने बताया कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के जीवन कौशल, परीक्षा प्रबंधन और व्यक्तित्व विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करता है, जिससे सभी विद्यार्थियों को लाभ मिला।

# विधायक गोपीचंद मीणा ने किए सड़क सहित 21 विकास कार्य शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**



जहाजपुर-कोटड़ी क्षेत्र की ग्राम पंचायत बडला में एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक गोपीचंद मीणा ने शुक्रवार को विभिन्न 21 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पिथास से अमरतिया तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।

विधायक मीणा ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से ग्रामीणों के आवागमन में सुविधा मिलेगी, समय की बचत होगी तथा क्षेत्र की आर्थिक व सामाजिक गतिविधियों को गति प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं को सशक्त करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण जीवन को और अधिक बेहतर बनाया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान बंनका खेड़ा से राजपुरा तक, सतोला का खेड़ा से सोमसीयास तक तथा सतोला से कव्वलीयास तक सड़क निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया। साथ ही बंनका खेड़ा के चावड़िया गांव में डीएमएफटी फंड से निर्मित कक्षा कक्ष का शुभारंभ किया गया एवं पशु छायालय का भूमि पूजन भी किया गया।

विधायक मीणा ने इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों का आत्मीय स्वागत एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।